सूर्यजला गांव में मुर्गीपालन से आय बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

विश्वविद्यालय में फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत भीमताल ब्लाक के सूर्यजला ग्राम की मुर्गीपालकों को उत्पादों के विपणन के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया इस कार्यक्रम में गांव की महिला मुर्गीपालकों ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित डा. किरण राणा एवं डा. नेहा आर्या ने मुर्गीपालन के उत्पादों को डिजिटल मार्केटिंग द्वारा बिक्री करने के तरीकों पर विस्तार में प्रशिक्षण दिया। साथ ही मुर्गीपालन में आने वाली समस्याओं के बारे में भी चर्चा की गई। परियोजना के अंतर्गत पूर्व में सूर्यजला गांव के कृषकों को मुर्गियां वितरित भी की गयी थी, जिसने कई कृषकों ने छोटे–स्तर पर मुर्गीपालन शुरू किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम गांव में कृषको की आय बढ़ाने तथा उन्हें सशक्त करने की दिशा में एक कदम है। परियोजना की तरफ सवे किये जाने वाले सतत प्रयासों की गांव के किसान भाईयों तथा महिलाओं ने खूब प्रशंसा करते हुए परियोजना दल को प्रोत्साहित भी किया।